# भर्ती हेतु सूचना

## वरिष्ठ परामर्शदाता, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम), पीएचए प्रभाग के अधीन

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप सबके लिए समान एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो आपके लिए यहां, भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को एक स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का एक अनूठा अवसर है। ये पद आपको राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और राज्य और जिला स्तरों पर कार्यान्वयन सहायता के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम लाने की प्रक्रिया में वास्तविक रूप से भाग लेने का अवसर प्रदान करते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र की विविध टीमों के साथ कार्य करते हुए आप, सेवा प्रदायगी प्रणालियों, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य सेवाओं के वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, जन स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने से संबंधित विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकते हैं, उन्हें अपने अनकूल बना सकते हैं, सह–निर्माण कर सकते हैं और उनका प्रचार–प्रसार कर सकते हैं। यह, एक पैमाने पर स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, जिला एवं उप जिला कार्यान्वयन से सीख लेने, जानकारी को मूर्त रूप देने और सबके लिए स्वास्थ्य की संकल्पना को साकार करने का एक अवसर है।

एनएचएसआरसी पूर्णतः संविदा आधार पर वरिष्ठ परामर्शदाता, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) की भर्ती करने का इच्छुक है।

**भूमिकाएं एवं दायित्वः**

- केंद्रीय स्तर पर एनयूएचएम की नीति निर्माण और नियोजन प्रक्रिया में योगदान करना और राज्य स्तर पर कार्यान्वयन प्रक्रिया में सहयोग करना।
- कार्यक्रम का सहज कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सलाहकार (पीएचए) के समग्र मार्गदर्शन में स्वास्थ्य मंत्रालय और राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करना।
- वर्ष के आरंभ में राज्यवार लक्ष्य निर्धारित करना, एक कार्य योजना तैयार करना और निर्धारित समय सीमा के भीतर उसे प्राप्त करने का प्रयास करना।
- कार्य के प्रत्यायोजन सहित परामर्शदाताओं और कनिष्ठ परामर्शदाताओं की टीम का नेतृत्व और प्रबंधन करना, जटिल कार्यों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करना और समग्र कार्यक्रम लक्ष्यों को प्राप्त करने में टीम का मार्गदर्शन करना।
- राज्य स्वास्थ्य विभागों और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) को कार्यक्रम के कार्यान्वयन में तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- राज्यों में कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा के लिए समय–समय पर निगरानी दौरे करना, रिपोर्टें तैयार करना और राज्यों द्वारा सिफारिशों के कार्यान्वयन पर अनुवर्ती कार्रवाई करना।

- कार्यान्वयन में आ रही बाधाओं की पहचान करने के लिए फील्ड दौरों, एचएमआईएस, तिमाही प्रगति रिपोर्टों से प्राप्त आंकड़ों और प्रेक्षणों का विश्लेषण एवं उपयोग करना।
- विशिष्ट कार्यक्रम घटकों जैसे कि जोखिम मानचित्रण, शहरी स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने, आउटरीच गतिविधियों का आयोजन करने इत्यादि में राज्यों का मार्गदर्शन करना।
- स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा निर्णय लेने में मदद करने के लिए राज्यों से शहरी स्वास्थ्य प्रस्तावों की समीक्षा और उनका आकलन करना।
- स्वास्थ्य मंत्रालय, परामर्शदाता फर्मों और अन्य हितधारकों के साथ सहयोग करते समय, सलाहकार के मार्गदर्शन में, कार्यक्रम दस्तावेजों और दिशानिर्देशों के मसौदे तैयार करने का नेतृत्व और समन्वय करना।
- स्वास्थ्य मंत्रालय, एशियाई विकास बैंक और अन्य कार्यान्वयन सहयोगियों के साथ उचित स्तर पर संपर्क करना।
- स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम निकायों और अन्य हितधारकों के विभिन्न कार्यकर्ताओं और स्टाफ सदस्यों के लिए क्षमता निर्माण और उन्मुखीकरण सामग्री के विकास का समन्वय करना।
- राज्यों को कार्यक्रम और नैदानिक स्टाफ दोनों के लिए विशिष्ट क्षमता निर्माण सहयोग प्रदान करना।
- शहरी स्वास्थ्य के लिए एनएचएसआरसी के अन्य प्रभागों, जैसे कि गुणवत्ता आश्वासन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, जन स्वास्थ्य नियोजन, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य वित्तपोषण प्रभागों के साथ समन्वय और सहयोग करना,
- सलाहकार द्वारा सौंपे गए पीएचए प्रभाग के अन्य कार्य करना।

**योग्यताएं और अनुभवः**

**i) अनिवार्य**

- जन स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर या उच्चतर उपाधि।
- स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण, कार्यक्रम नियोजन या कार्यान्वयन में योग्यता उपरांत न्यूनतम 5 वर्षों का कार्य अनुभव।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन; जिला स्तर की स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने का प्रदर्शित अनुभव।
- शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं की व्यापक समझ रखता हो।
- कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीतियां बनाने और गतिविधियों की योजना तैयार करने में सक्षम हो।
- कार्यक्रम या नीति स्तर पर शहरी स्वास्थ्य मुद्दों पर कार्य करने, निगरानी एवं मूल्यांकन, आंकड़ा विश्लेषण, जन स्वास्थ्य प्रशासन, शासन करने की सक्षमता और अनुभव।
- आम तौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों, जैसे कि एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट के उच्च स्तरीय ज्ञान सहित कंप्यूटर प्रवीणता,
- विविध प्रकार के टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता
- उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल तथा प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमता।
- शहरी स्वास्थ्य पर तकनीकी दिशा–निर्देश और दस्तावेज तैयार करने की योग्यता।

- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और समय सीमा के भीतर कार्य संपन्न करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्यों को करने की क्षमता।
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में ढील दी जा सकती है।

**ii) वांछनीय**

- एमबीबीएस या बीडीएस उपाधि
- जन स्वास्थ्य के सुसंगत क्षेत्रों में अनुसंधान का अनुभव,
- स्वास्थ्य प्रणालियों या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य
- केंद्र स्तर, राज्य स्तर पर या तकनीकी सहयोगी निकायों के साथ शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रमों का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

**आयु सीमाः** 50 वर्ष और उससे कम (आवेदन की अंतिम तिथि को)

**कार्य स्थलः** नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने का इच्छुक

**पारिश्रमिक सीमाः** प्रतिमाह 90,000/– रु. से 1,30,000/– रु. के बीच

**आवेदन करने के लिएः** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **24 सितंबर, 2017 को अपराह्न 4 बजे तक** rec.nhsrc.2017@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।